आर्यभट पटना के थे इसके प्रमाण का उन्हीं के ग्रन्थ में उल्लेख है. "आर्यभटस्त्विह निगदति कुसुमपुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम्"। इस कुसुमपुर (पुष्पपुर) पटने में इस पूजनीय ज्ञान को आर्यभट कहते हैं। "दण्डी ने अपने दशकुमारचरित में प्राचीन काल में इस महानगर का पुष्पपुरी नाम से उल्लेख लिखा है। काशी के बहुत बड़े पण्डित महामहोपाध्याय सुधाकर द्विवेदी ने अपने काल-सिद्धान्त की भूमिका में प्राचीन काल में ह्वेनसांग आदि चरों से सेवित पुष्पपुरी में आर्य-

भट ने वेध किया था ऐसा लिखा है। वह पुष्पपुरी यही पटना है :—

प्राचीनचीनचरचर्चितपुष्पपुर्यामापूर्यपर्ययजमार्यभटेन वेधम्। बद्धं तदेव वरलल्लसुधी सुधौ घधारा प्रवाहनिकरेण महत्त्वमाप ।।

किन्तु पूना के शङ्करलाल कृष्ण दीक्षित ने अपने भारतीय ज्योति:शास्त्र के इतिहास में लिखा है कि कुसुमपुर दक्षिण में कोई स्थान रहा होगा इसके प्रमाण में यही लिखा है कि इनका ग्रन्थ आर्यभटीय डा० कर्ण को मालाबार में मिला था।

आर्यभट के पटना के होने का दूसरा प्रमाण यह भी विचारने के योग्य हैं कि आर्यभट तथा वराहमिहिर करीब-करीब एक ही समय के हैं, केवल जन्मदिन में छः वर्ष का अन्तर पड़ता है। वराहमिहिर ने आर्यभट का एक स्थान में खण्डन किया है यह तबही संभव हो सकता है जब दोनों एक देश एक नगर के हों क्योंकि प्राचीन समय में मुद्रणकला तो थी नहीं लोगों के ग्रन्थ चिरकाल में प्रसिद्ध होते थे। आर्यभट का ग्रन्थ वराहमिहिर को तबही उपलब्ध हुआ होगा जब दोनों एक देश एवं एक स्थान के रहे हों।

वराहमिहिर ने यद्यपि अपने को आवन्तिक, अवन्ती (उज्जयिनी) का रहने वाला कहा है,और वृत्ति की दृष्टि से वे अवन्ती में रहे भी हों तथापि वे थे मगध ही के। क्योंकि ८८८ शक में वराहमिहिर के करीब चार सौ वर्ष अनन्तर एक बड़े विद्वान् भट्टोत्पल नाम के हुए हैं, उन्होंने प्रायः वराहमिहिर के सब ग्रन्थों पर टीका लिखी है। वराहमिहिर की बृहत्संहिता की टीका में वे इन्हें मगधद्विज मगद्विज कहा हैं। शाकद्वीपीय ब्राह्मण अपने को मगद्विज कहते हैं। मगध देश में ही वे लोग विशेष रूप से बसे हैं। ये लोग सूर्योपासक विशेष करके होते हैं। वराहमिहिर ने भी अपने प्रत्येक ग्रन्थ के मङ्गलाचरण में श्रीसूर्यनारायण की ही स्तुति की है इससे ऐसा भासित होता है कि वे मगध के विशेषकर पटना के शाकद्वीपीय ब्राह्मण थे। अतएव आर्यभट के ग्रन्थ को उन्होंने पटना में ही देखकर उसका खण्डन किया होगा।

"म्लेच्छा हि यवनास्तेषु सम्यक् शास्त्रमिदं स्थितम्।
ऋषिवत्तेऽपि पूज्यन्ते किं पुनर्ब्रह्मविद्द्विजाः ।।"

इससे उन्होंने यवनों की बड़ी प्रशंसा की है।

अर्थात् यवन ग्रीक लोग म्लेछ हैं उन लोगों में यह विद्या अच्छी तरह से है इसलिये ऋषि की तरह वे पूजित होते हैं। ब्रह्म को जानने वाले ब्राह्मण इस विद्या को जाने तो फिर क्या कहना है।

यवनों से वे बहुत प्रभावित थे उन्हें यवनों के साथ पूर्ण संपर्क था तबही तो उनका ग्रन्थ बृहज्जातक यवनग्रीक शब्दों से भरा है। यवन लोग भारत में पीछे पटना में ही थे। इस दृष्टि से भी वराहमिहिर को पटना निवासी कह सकते हैं।

यह भी कल्पना की बात हो सकती है कि चूँकि पटने के लोगों ने आर्यभट के ज्ञान का बड़ा समादर किया उस ज्ञान को अभ्यर्चित कहा आर्यभट, वराहमिहिर एक ही विषय ज्योतिष के जानकार थे वहां आर्यभट का विशेष समादर देखकर वे पटना छोड़कर उज्जैन के राजा विक्रमादित्य के सभा पण्डित बने हों तो कुछ आश्चर्य नहीं। जो कुछ सत्य हो, कल्पना ऐसी हो सकती है। म. म. पं० सुधाकर द्विवेदी जी तो आर्यभट को भी यवनों के संपर्की मानते हैं उन्होंने स्पष्ट रूप से इस विषय को अपनी गणकतरङ्गिणी नामक पुस्तक में लिखा है। अतएव ये दोनों विद्वान् पटना के ही थे।

आर्यभट अपने समय में अवश्य प्रसिद्ध थे क्योंकि एक तो अपने ज्ञान को अभ्यर्चित कहा है दूसरे लल्लाचार्य ऐसे सिद्धान्तकार ने उन्हें अपना गुरु स्वीकार किया है।

वराहमिहिर ने ऐसे महान् त्रिस्कन्ध-ज्योतिर्वित् पटना स्वदेश को छोड़कर अपना कार्यक्षेत्र दूर मध्य प्रदेश में बनाया। यह भी आर्यभट का महत्त्व दिखलाता है। संभवतः दो बड़े विद्वानों का एक ही स्थान में तुल्य आदर नहीं होता।

आर्यभट के करीब एक सौ वर्ष पीछे ब्रह्मगुप्त नामके एक बड़े विद्वान् इस देश में हुये। संभवतः वे भी रींवा के समीप के थे। उन्होंने आर्यभट का बहुत खण्डन किया है, अनेक स्थान में अयुक्तता भी दिखाई है। ब्रह्मगुप्त ने एक अपना बड़ा सिद्धान्त ग्रन्थ लिखा है जिसका नाम ब्राह्मस्फुट-सिद्धान्त है। इस ग्रन्थ पर पृथूदकस्वामी चतुर्वेदाचार्य की बहुत अच्छी टीका है। चतुर्वेदाचार्य भी ब्रह्मगुप्त के खण्डन से ऊब गये हुए मालूम पड़ते हैं। उन्होंने आर्यभट के प्रति ब्रह्मगुप्त के अपशब्दों को देखकर अनेक स्थान में लिखा है "कुलशोभेयमाचार्यस्य"। चतुर्वेदाचार्य ब्रह्मगुप्त को छोटी जाति का या छोटे कर्म करने वाले समझते होंगे, इसीलिये कुलशोभा कहा है किन्तु ब्रह्मगुप्त के समय में आर्यभट के ग्रन्थ का बड़ा प्रभाव था यह इसलिए मालूम पड़ता है कि ब्रह्मगुप्त ने अपने सिद्धान्त ग्रन्थ में आर्यभट को गालियां दीं परन्तु अपने करण ग्रन्थ 'खण्डखाद्य' में यह स्पष्ट लिखा है कि यह करण आर्यभटमतानुसार है। यद्यपि ग्रन्थ आर्यभटमतानुसार नहीं है। उनके ग्रन्थ का आदर देश में हो इसलिये आर्यभट का नाम उन्होंने लिया है।

ब्रह्मगुप्त के अनन्तर आर्यभट अन्य सिद्धान्त ग्रन्थ लिखने वालों के प्रीति भाजन नहीं रहे। किसी ने इनके मत का उल्लेख नहीं किया।

१०७२ शक में आर्यभट के साढ़े छः सौ वर्ष बाद दक्षिण देश में भास्कराचार्य नाम के एक बड़े विद्वान् हुए। उनके आराध्य आचार्य तो ब्रह्मगुप्त हो गये हैं। आर्यभट की चर्चा तक भी नहीं है। वे लिखते हैं :—

कृती जयति जिष्णुजो गणकचक्रचूडामणि-
र्जयन्ति ललितोक्तयः प्रथिततन्त्रसद्युक्तयः।
वराहमिहिरादयः समवलोक्य येषां कृतीः
कृती भवति मादृशोऽप्यतनुतन्त्र बेधेऽल्पधीः॥

सर्वप्रथम इतने बड़े आचार्य आर्यभट के प्रति पीछे के ग्रन्थकारों की अप्रीति का कारण उनका पृथ्वी भ्रमण कहना मात्र है चूँकि पृथ्वी भ्रमण वेदशास्त्र में प्रतिपादित नहीं है। सब लोगों ने पृथ्वी को स्थिर कहा है इसीलिए इसका एक नाम अचला भी है।

अङ्गरेजों के शासन काल से पाठ्यग्रन्थों में जब यह पढ़ाया जाने लगा कि पृथिवी अपने कक्ष पर घूमती है पृथिवी स्थिर नहीं है तब लोगों को आर्यभट की विद्वत्ता तथा बुद्धिमत्ता का परिचय मिला जिन्होंने इतने पुराने समय में पृथिवी का भ्रमण कहा था तथा पृथिवी की गति का प्रमाण लिखा था। जिस विशिष्ट ज्ञान के कारण आर्यभट इतने दिन अनपेक्षित रहे उसी ज्ञान के कारण आज जगत में पूज्य हैं।

सुना जाता है कि दूरवीक्षण यन्त्र (टेलिस्कोप) के प्रादुर्भावक इटली देश के महाविद्वान् गैलीलिओ को पृथिवी घूमती है इस सिद्धान्त को प्रकाशित करने के कारण जेल निर्यातना सहनी पड़ी। इस अर्थ में आर्यभट भाग्यवान् थे। उनका अपना समय अनुकूल था पीछे वे अमान्य हुए।

आर्यभट ने पृथिवी भ्रमण के विषय में यही लिखा है—

अनुलोमगतिर्नौस्थः पश्यत्यचलं विलोमगं यद्वत्।
अचलानि भानि तद्वत् स पश्चिमगानि लंकायाम्॥

अर्थात् क्रमगति से नाव पर बैठा हुआ आदमी वृक्ष प्रासाद आदि अचल वस्तु को अपनी विरुद्ध दिशाओं में ले जाते हुये देखता है, उसी प्रकार स्थिर नक्षत्र लंका में पश्चिम की ओर जाते मालूम पड़ते हैं। नाव की तरह वास्तव में पृथिवी ही चलती हुई मालूम पड़ती है।

आर्यभट ने इस स्वमत को कहते हुये भी उस समय में प्रचलित विचार को भी कहा है जैसे :—

"भानामधश्शनैश्चर सुरगुरु भौमार्कशुक्रबुधचन्द्रा।
तेषामधश्च भूमिर्मेधीभूता खमध्यस्था॥"

अर्थात् नक्षत्रों के नीचे शनि तब गुरु तब मंगल तब सूर्य तब शुक्र तब बुध तब चन्द्रमा हैं और सबके नीचे पृथिवी आकाश के मध्य में मेधि स्वरूप है। जिस प्रकार मेधि के चारों ओर बैल घूमते रहते हैं उसी प्रकार नक्षत्र सहित सब ग्रह पृथिवी की चारो ओर घूमते रहते हैं इससे पृथिवी को स्थिर कहा। पुनः लिखते हैं :—

"उदयास्तमयनिमित्तं नित्यं प्रवहेण वायुना क्षिप्तः ।
लंकासमपश्चिमगो भपञ्जर सग्रहो भ्रमति ॥"
अर्थात् ग्रह सहित भपञ्जर प्रवहवायु के चलायमान होकर लङ्का के पूर्वापर वृत्त में उदय अस्त के लिये नित्य घूमते रहते हैं।

इन सब श्लोकों से प्राचीन मत का ही प्रतिपादन किया गया है। एक महायुग में पृथिवी कितनी चलती है इसके साथ चन्द्रादिग्रह भी कितने चलते हैं उसका प्रमाण भी लिख दिया है। इस तरह आर्यभट ने प्राचीन मत का अनुसरण करते हुये स्वमत को भी कहा है।

यह एक विषय भी विचारने के योग्य है कि जब प्राचीन समय से ही यह विश्वास बद्धमूल था कि पृथिवी अचल है तो आर्यभट की बुद्धि में पृथिवी चलने की बात कैसे आई। यद्यपि जैसे न्यूटन को सेव फल के वृक्ष के नीचे बैठकर सेव फल के गिरने से पृथिवी की आकर्षण शक्ति का ज्ञान हुआ था उसी प्रकार नाव पर बैठ कर स्थिर वस्तु को विभिन्न दिशा में जाते हुये देखकर ही पृथिवी चलने का ज्ञान कहा जाता है किन्तु लेखक का अनुमान है कि आर्यभट के पहले बौद्धों ने यह स्वीकार किया था कि पृथिवी नीचे की ओर जाती है। आर्यभट ने देखा होगा कि चारों ओर आकाश में पृथिवी नीचे की ओर कहां जायगी इसलिये स्वकक्षा में ही पूरब की ओर घूमती है इसलिये बौद्धों की कल्पना का सुधार ही आर्यभट का सिद्धान्त है।

ज्योतिषशास्त्र में सर्वमान्य भास्कराचार्य ने अपनी सिद्धान्तशिरोमणि नामक पुस्तक में बौद्धों के सिद्धान्त का ही खण्डन कर स्वमत का संस्थापन किया है। वे कहते हैं :—

भूः खेऽधः खलयातीवि बुद्धिबौद्धमुधाकथम् ।
यातायातं तु दृष्ट्वापि खे यत् क्षिप्तं गुरुक्षितिम् ॥"

अर्थात्, हे बौद्ध पृथिवी आकाश में नीचे की ओर जाती है यह मिथ्या बुद्धि तुम्हें कहां से आई जब कि तुमने देखा कि आकाश से गुरु वस्तु शीघ्र गिरती है और हलकी चीज देर से अर्थात् हम लोग शर आदि जो आकाश में ऊपर फेकते हैं उसे पृथिवी से योग होता है क्योंकि पृथिवी भारी और शरादिक अतिलघु वस्तु हैं। ऐसा मनमाना खण्डन करके फिर लिखते हैं :—

यथोष्णतार्कानलयोस्तु शीतता विधौ द्रुतिः के कठिनत्वमश्मनि । मरुच्चलो भूरचला स्वभावतो यतो विभिन्ना बत वस्तुशक्तयः ॥
आकृष्टशक्तिश्च मही तया यत्स्वस्थं गुरुस्वाभिमुखं स्वशक्त्या । आकृष्यते तत्पततीव भाति समे समन्तात्क्व पतत्वियं खे ॥

अर्थात् जिस प्रकार सूर्य और अग्नि में उष्णता है, चन्द्रमा में शीतलता है जल में वेग है, पत्थर में कठिनता है, वायु चल है—ये सब इन सबों का स्वभाव है। इसी प्रकार पृथिवी स्वभावतः ही अचला है क्योंकि वस्तु शक्ति विचित्र होती है। पृथिवी में आकर्षण शक्ति है उस शक्ति से आकाशस्थ भारी वस्तु को अपनी शक्ति के अनुसार अपनी ओर खींचती है, वह भारी पदार्थ गिर रहा है ऐसा भान होता है किन्तु यह बड़ी पृथिवी चारो ओर सम आकाश में कहां गिरे। ऐसा मत उनका है इसी प्रकार अन्य आचार्यों ने आर्यभट के भूभ्रमण का अपने विचार से खण्डन किया है जो अनर्गल है।

आर्यभट का दूसरा समालोचनीय विषय है अक्षरों के संकेत से अङ्कों को कहना। यह एक अपूर्ण संकेत है। उन्हीं के ऐसे बुद्धिमान् लोग ऐसे संकेत का प्रवर्तन कर सकते हैं। पहले यह उपयुक्त होगा कि उनके संकेत की व्याख्या की जाय। उन्होंने एक ही छोटे से आर्याछन्द में इस संकेत को कहा है :—

वर्गाक्षराणि वर्गेऽवर्गेऽवर्गाक्षराणि कात्ङ्मौ यः ।
खद्विनवके स्वरा नव वर्गेऽवर्गे नवान्त्यवर्गे वा ॥

इसका साधारण अर्थ है कि वर्गाक्षर को वर्ग में अवर्गाक्षर को अवर्ग में रखो, उसे लेकर अंकों को समझो ङ, म का योग य होता है। अठारह शून्य स्थान में वर्ग अवर्ग दोनों में नौ स्वरों को रखो तथा इन नौ वर्ग अवर्ग स्थान के अनन्तर आगे स्थानों के लिये भी इसी प्रकार इनका उपयोग करो। संस्कृत व्याकरण में पांच वर्ग हैं :—कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग,

तवर्ग और पवर्ग अर्थात् क, ख, ग, घ, ङ; च, छ, ज, झ, ञ; ट, ठ, ड, ढ, ण; त, थ, द, ध, न; प, फ, ब, भ, म ये वर्ग हैं। य, र, ल, व, श, ष, स, ह ये अ वर्ग हैं अ, इ, उ, ऋ, ऌ, ए, ऐ, ओ, औ ये नव स्वर हैं।

१, १००, १००००, १००००००, १००००००००, १००००००००००, १००००००००००००, १००००००००००००००, १००००००००००००००००, ये वर्ग हैं। १०, १००००, १०००००, १०००००००, १००००००००, १०००००००००००, १००००००००००००००, १०००००००००००००००० ये अवर्ग हैं।

इन आधारों पर अङ्कों का ज्ञान क्रमशः निम्न-लिखित है :—

क = १, ख = २, ग = ३, घ = ४, ङ = ५,
च = ६, छ = ७, ज = ८, झ = ९, ञ = १०,
ट = ११, ठ = १२, ड = १३, ढ = १४, ण = १५,
त = १६, थ = १७, द = १८, ध = १९, न = २०,
प = २१, फ = २२, ब = २३, भ = २४, म = २५,
ङ + म = ५ + २५ = ३० = य
र = ४०, ल = ५०, व = ६०, श = ७०, ष = ८०,
स = ९०।

क् + अ = क = १
क् + इ = कि = १००
क् + उ = कु = १००००
क् + ऋ = कृ = १००००००
क् + ऌ = क्ऌ = १०००००००००
क् + ए = के = १००००००००००
क् + ऐ = कै = १००००००००००००
क् + ओ = को = १००००००००००००००
क् + औ = कौ = १००००००००००००००००

एवम्

ख् + अ = ख = २
ख् + इ = खि = २००
ग् + उ = गु = ३००००
घ् + ऌ = घ्ऌ = ४००००००
घ् + ऌ = घ्ऌ = ४०००००००००
घ् + ए = घे = ४००००००००००
य् + अ = य = ३०
य् + इ = यि = ३००००
य् + उ = यु = ३०००००
य् + ऋ = यृ = ३००००००

इत्यादि

एक दृष्टान्त लिया जाय। जैसे आर्यभट युग में रवि भगण की संख्या देते हैं :

"युग रवि भगणः ख्युघृ

अर्थात् एक महायुग में ख्युघृ सूर्य भगण होते हैं

ख्यु घृ = ख् + यु + घृ

ख = २००००
यु = ३०००००
घृ = ४००००००
४३२००००

इसी प्रकार पृथिवी भ्रमण की संख्या ली जाय

कु ङि शि बु खृ ष्लृ षृ कुभूमेर्भगणाः

ङि = ५००
शि = ७०००
बु = २३००००
ष्लृ = १५००००००००
खृ = २००००००
षृ = ९००००००
१५८२२३७५००

इस प्रकार बड़ी बुद्धिमत्ता के साथ आर्यभट ने अल्पसंकेत में ग्रहभगणों को लिखा है।

अब विचारणीय विषय यह है कि आर्यभट ने दुरूह संकेतों में ग्रहभगणों को क्यों लिखा—

कुछ लोगों ने लिखा है जो वस्तु बहुत कठिनता तथा श्रम से उपलब्ध हो तथा जो वस्तु अतिप्रयो-जनीय हो उसे सर्वजनविदित नहीं करना चाहिये। अपने शिष्यवर्ग, सम्बन्धी तथा भक्त लोग ही उसे

जान सकें तादृश ही व्यवहार करना चाहिये।

साक्षात् मनु ने लिखा है :—

विद्या ब्राह्मणमेत्याह शेवधिस्तेऽधिरक्ष माम्।
असूयकाय मां माऽदास्तथा स्यां वीर्यवत्तमा॥

अर्थात् विद्यादेवी ब्राह्मण के पास गई और उनसे कहा मैं तुम्हारी निधि हूं मेरी रक्षा करो, छिद्रान्वेषी द्वेषी को विद्या मत दो। ऐसा करने से ही मैं बलवती रहूँगी।

एक मुनि ने कहा है :—

भक्ताय शिष्याय चिरोषिताय गुणोपपन्नायच देयमे तत्।
भ्रात्रे च मित्राय च सूनवे च सुदुर्लभं छेद्यकगोलतन्त्रम्॥

अर्थात् भक्तों को, शिष्यों को, वहुत दिन तक पास में रहने वाले को, गुणियों को, भ्राता को, मित्र को, लड़के को यह दुर्लभ ग्रहगतिज्ञान देना चाहिये।

इसलिये आर्यभट ने संकेत में भगणों को लिखा यह बात इसी देश की नहीं है यह विचार सार्वत्रिक है। प्लूटार्क्स लाइफ आफ ग्रीक हीरोज में (Plutarch's Life of Greek heroes) लिखा है कि बड़े सिकन्दर अरिस्टाटल के प्रिय शिष्य थे। उन्हें अपने गुरु का बड़ा आदर था। जब वे एशिया देश में लड़ाई कर रहे थे तब उन्हें मालूम हुआ कि अरिस्टाटल ने अपनी विद्या के ग्रन्थ को लिखकर प्रकाशित कर दिया है तब बड़े दुखी होकर उन्होंने अपने गुरु महाराज को लिखा कि जिस विशेष ज्ञान के कारण हम लोग अपने को दूसरों से बड़ा समझते हैं वह ज्ञान वह विद्या यदि सार्वजनिक हो जायगी तब हम लोगों की विशेषता कैसे रहेगी। अरिस्टाटल ने उत्तर दिया कि वह विशिष्ट ज्ञान प्रकाशित हुआ है और नहीं भी हुआ है, इसका अभिप्राय यही था कि उसके प्रकाशित होने पर भी उसे हमारे छात्रगण ही समझेंगे दूसरा नहीं समझेगा। इससे स्पष्ट है कि ग्रीस देश में भी यही प्रथा थी। पीथागोरियन स्कूल में रेखागणित की विशिष्ट प्रशिक्षा दी जाती थी। उसके द्वार पर ही लिखा था Only geometricians can enter in it केवल रेखागणित जानकार ही इस घर में प्रवेश करें। परन्तु भारत में अक्षरसंकेत में अङ्कों को लिखने की प्रथा पहले से तथा पीछे भी थी। जैमिनि ऋषि ने अपने जैमिनीय सूत्रों में अक्षर पर से अङ्कों को कहा है। इस आर्यभट के पीछे एक दूसरे आर्यभट ज्योतिष के विद्वान हुए हैं उन्होंने भी दूसरे अक्षर के संकेत से अङ्कों को कहा है। उनके सिद्धान्त का नाम महासिद्धान्त है।

लेखक की दृष्टि में तो यह बात आती है कि युग भगण में जितने अङ्क आए हैं जैसे पृथिवी भगण को ही लीजिये उन अङ्कों को संस्कृत में प्रकट करने के लिये उनके पास उपाय ही नहीं था और यदि था तो कष्टकर था। अङ्कस्य वामा गतिः—दशस्थानीय अङ्कों को बायें रखने की रीति तब तक उद्भावित नहीं हुई थी। एक दृष्टान्त लिया जाय बीस हजार व्यास में परिधिमान कितना होगा उसको आर्यभट इस प्रकार प्रकाशित करते हैं :—

चतुरधिकं शतमष्टगुणं द्वाषष्टिस्तथा सहस्राणाम्।
अयुतद्वयविष्कम्भस्यासन्नो वृत्तपरिणाहः॥

अर्थात् चार अधिक एक सौ को आठ से गुणा दे अर्थात् आठ सौ बत्तीस और बासठ हजार अर्थात् बासठ हजार आठ सौ बत्तीस बीस हजार व्यास में वृत्त के आसन्न परिधि का मान होता है। इतने ही अंक को भास्कराचार्य ने द्विकागून्यष्टयमर्त्तुमितः (६२८३२)कहा है। उन्होंने अपने सिद्धान्त-शिरोमणि में लिखा है "अनोऽयुतद्वय व्यासे द्विकाग्न्यष्टयमर्तुमितः परिधिरार्यभटाचैरङ्गीकृतः।" इसलिये बड़ी बड़ी संख्या को प्रकाशित करने में क्लेश था इसलिये आर्यभट ने इस प्रणाली का अवलम्बन किया। कहा जाता है कि उनके शिष्य लल्लाचार्य ने ही अङ्कानां वामतो गतिः दशस्थानीय शतस्थानीय आदि अंकों को क्रमशः वामपार्श्व में रखने की रीति चलायी तथा चन्द्रमा के नाम से पृथिवी के नाम तथा एक से एक संख्या, द्वि, यमल, कर से दो संख्या, राम, अग्नि के नाम, शिवनेत्र, त्र से तीन संख्या, युग, समुद्र के नाम, वेद के नाम, ब्रह्मा के मुख, चतुः से चार संख्या, शर के नाम, शिवमुख से, पंच से पांच संख्या, ऋतु, रस, षट् से छै संख्या, घोड़ों के नाम,

नग, पर्वत के नाम, सप्त से सात संख्या, नाग, हस्ती नाम, अष्ट से आठ संख्या, नन्द, नव से नौ संख्या, दिशा के नाम, दिग्गज, दश से दश संख्या, रुद्र के नाम तथा एकादश से एकादश संख्या, सूर्य के नाम, द्वादश से बारह संख्या, सिद्ध, चतुर्विंशति से चौबीस संख्या, दन्त के नाम से बत्तीस, देव से तैंतीस संख्या, आकाश के नाम तथा शून्य से शून्य इत्यादि ग्रहण किये।

अङ्कानां वामतो गतिः सिद्धान्त मानकर आर्यभट के पीछे बड़ी संख्या लिखने की रीति हुई है जैसे खखाभ्रदन्तसागरैः से ४३२००० चार लाख बत्तीस हजार का ज्ञान होगा।

आर्यभट ने अक्षरों के द्वारा जो अंक ग्रहण किया है वही रीति ग्रीस देस में भी थी अलफा, बीटा, गामा से वे लोग भी अंकग्रहण करते थे। इसलिये कुछ लोग आर्यभट पर यह दोष लगाते हैं कि उन्होंने ग्रीस देश की ही रीति ली है। यह संभव भी हो सकता है क्योंकि पटने में उस समय यवन लोग थे। पाणिनि के सूत्र पर पतञ्जलि का भाष्य है जो संभवतः ई० पू० दूसरी शताब्दी का है उसके पहले पाणिनि कात्यायन थे। यवनाल्लिप्याम् सूत्र से यवन से यवनानी लिखने के अर्थ में किया है। अत एव आर्यभट से पहले पांच छै शताब्दी से यवनों की लिपि भारतवर्ष में आ गई थी इसलिये उसके अनुकरण में आर्यभट ने ऐसा किया हो।

वास्तव में अक्षरों से अंक प्रकाश करने की रीति जैमिनी के समय से ही भारतवर्ष में है।

आर्यभट ने यद्यपि अक्षर से अंक ग्रहण करने में यवनों का अनुकरण किया हो तथापि उन्होंने यवनों के ज्योतिष को ही संस्कृत भाषा के द्वारा प्रकाशित किया यह कभी नहीं कह सकते क्योंकि जिन गणितों को तथा सिद्धान्तों को आर्यभट ने अपने ग्रन्थ में कहा है वे पन्द्रहवीं शताब्दी तक यूरोपीय लोगों को मालूम नहीं थे। इसलिये आर्यभट की वस्तु अपनी है।

आर्यभट ने एक, दश, शत, सहस्र, अयुत, नियुत, प्रयुत, कोटि, अर्बुद, वृन्द दशगुणोत्तर दशस्थान को कहा है।

"एकं दश च शतं च सहस्रमयुतनियुते तथा प्रयुतम्।
कोट्यर्बुदश्च वृन्दं स्थानात्थानं दशगुणं स्यात्॥

इतने स्थानों की कल्पना ग्रीस देश में नहीं थी।

व्यासपरिधि का सम्बन्ध $\frac{६२८३२}{२००००} = \frac{३९२७}{१२५०} = \frac{२२}{७}$ पहले पहल आर्यभट ने ही कहा। कुट्टकगणित चयोत्तरश्रेढ़ी, गुणोत्तरश्रेढ़ी आदि गणित पहले यूरोप में उपलब्ध नहीं था इसलिये आर्यभट का विषय स्वतन्त्र है। उनका आधार ब्रह्मसिद्धान्त है इस विषय को उन्होंने स्पष्ट ही कहा है :—

सदसज्ज्ञानसमुद्रात् समुद्धृतं देवताप्रसादेन।
सद्ज्ञानोत्तमरत्नं मया निमग्नं स्वमतिनावा॥
आर्यभटीयं नाम्ना पूर्वं स्वायम्भुवं सदासद्यत्।
सुकृतायुषोः प्रणाशं कुरुते प्रतिकञ्चुकं योऽस्य॥

अर्थात् सत् असत् ज्ञानसमुद्र में डूबे हुये सत् ज्ञानरूप उत्तमरत्न को देवता के प्रसाद से बुद्धिरूप नौका के द्वारा मैंने निकाला। पहले ब्रह्मा का जो सत् सिद्धान्त था वही आर्यभटीय नाम से प्रकाशित हुआ है। जो कोई द्वेष बुद्धि से इसका तिरस्कार करेंगे वे अपने पुण्य तथा आयु का क्षय करेंगे।

आर्यभट से पहले ही ज्योतिष शास्त्र की दो धारायें थीं, एक ब्राह्म दूसरी सौर। ब्रह्मसिद्धान्त के अनुयायी ब्राह्म है और सूर्य सिद्धान्त के अनुयायी सौर हैं।

आर्यभट ने विष्णुधर्मोत्तर पुराणान्तर्गत ब्रह्म सिद्धान्त को ही मूल माना है और उसमें लेखकाध्यापकाध्येतृदोष से जो दोष आया था उसका मार्जन कर वास्तव ब्रह्मसिद्धान्त को आर्यभटीय नाम से प्रकाशित किया है। समुद्र के गर्भ में उज्ज्वल सुन्दर रत्न छिपे रहते हैं कवि ग्रे ने कहा है—

Full many a gems of the purest ray sereen
The dark unfathomed caves of ocean-

bear उन रत्नों को नाव के द्वारा ही लोग किनारे में ला सकते है किन्तु समुद्र में वह गुफा कहां है इसको बताने वाली विशिष्ट शक्ति देवता ही होती है। आर्यभट का कहने का अभिप्राय है कि ब्रह्मारूप देवता की कृपा से उन स्थलों को जानकर अपनी बुद्धिरूप नाव के द्वारा उन्होंने उसका उद्धार किया है। अत एव वे विलक्षण बुद्धि सम्पन्न थे जो तेइस वर्ष की अवस्था में ही ऐसे सत् ज्ञानरत्न को निकाला तथा सर्वजन में प्रकाशित किया।

आर्यभट के पहले लोगों का यही विश्वास था कि राहु ही चन्द्रमा और सूर्य को पूर्णिमा तथा अमावास्या में ग्रसता है। आर्यभट ने ही सर्व प्रथम विज्ञानसंमत युक्ति दी है कि पृथिवी की छाया से चन्द्रग्रहण तथा चन्द्रमा से सूर्यग्रहण होता है।

"छादयति शशी सूर्यं शशिनं महती च भूछाया।"

आर्यभट ने पृथिवी को गोल कहा है—

वृत्तभपञ्जरमध्ये कक्ष्यापरिवेष्टितः खमध्यगतः।
मृन्जलशिखिवायुमयो भूगोलस्सर्वतो वृत्तः।
यद्वत् कदम्बपुष्पग्रन्थिः प्रचितस्समन्ततः कुसुमैः।
तद्वद्धि सर्वसत्त्वैर्जलजैः स्थलजैश्च भूगोलः॥

अर्थात्

गोलरूपभयञ्जर के मध्य में कक्षा से परिवेष्टित आकाशमध्य में मृत्तिका, जल, अग्नि वायुमय चारो ओर गोल भूगोल है। जिस प्रकार कदम्बपुष्प चारो ओर कुसुमों से व्याप्त रहते हैं उसी प्रकार सब प्राणियों से, जलचरों से, स्थलज जङ्गमों से व्याप्त यह भूगोल है। इस प्रकार अनेक विशेषताओं से परिपूर्ण १०८ आर्याछन्दों में निबद्ध यह आर्यभट का आर्यभटीय ग्रन्थ है। विद्या का क्षेत्र कला और विज्ञान दो विभागों में विभक्त है। साहित्य क्षेत्र में जिस प्रकार कालिदास, भवभूति, भारवि, श्रीहर्ष आदि कवि प्रतिनिधित्व करते हैं उसी प्रकार विज्ञान क्षेत्र में प्राचीन भारत के आर्यभट, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त, भास्कराचार्य आदि प्रतिनिधित्व करते हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि उज्जैन तथा मिथिला में कालिदास की जयन्ती मनाई जाती है इसी प्रकार आर्यभट की भी जयन्ती सर्वत्र मनायी जानी समुचित है। जिस प्रकार दिनानुदिन विज्ञान का प्रचार हो रहा है इससे आशा की जाती है कि अब क्रमशः इन प्राचीन विज्ञान वेत्ताओं का आदर कर हम लोग धन्य होंगे।

इसी प्रकार इस छोटे तथा बहुमूल्य ग्रन्थ पर सुन्दर टीका लिख कर तथा इनके सम्बन्ध में पूर्ण खोज कर आर्यभट के ज्ञान को सर्वजनसुलभ करना चाहिये। इस अपूर्व ग्रन्थ को पाठ्यग्रन्थ में निर्धारित करना चाहिये जिससे आर्यभटीय का अच्छी तरह से विकास हो। प्राचीन विद्वानों के गुणों को प्रकाश में लाने से उनका गुणगान करने से हम लोग स्वयं गुणी बनेंगे इसलिये आर्यभट की जयन्ती प्रतिवर्ष १३ अप्रैल को विद्याक्षेत्र में अवश्य मनायी जानी चाहिये।

संस्कृत-साहित्य के कुछ प्रधान वैशिष्ट्यों के सम्बन्ध में एक दृष्टि

[डा० आद्याप्रसाद मिश्र, प्रयाग विश्वविद्यालय]

वैदिक युग से लेकर काव्य-युग तक के समूचे संस्कृत-साहित्य को सामान्यतः ऊपर-ऊपर से देखने पर भी उसमें कुछ ऐसे वैशिष्ट्य दीख पड़ते हैं, जो उसे विश्व के अन्य साहित्यों से बहुत-कुछ पृथक् करते हैं, उनसे उसकी विशिष्टता प्रदर्शित करते हैं। सर्वप्रथम दृष्टि में आने वाली इसकी सर्व-प्रधान विशेषता इसकी आध्यात्मिकता अथवा धार्मिकता है। इसे इसकी दिव्य दृष्टि भी कह सकते हैं। इससे विपरीत दृष्टि अधार्मिक या आसुरी दृष्टि कही जा सकती है। दोनों दृष्टियों के परस्पर विरोध को आर्यों के प्राचीन साहित्य में 'देवासुरसंग्राम' नाम दिया गया था। मूलतः एवं मुख्यतः यह संग्राम या विरोध बौद्धिक या वैचारिक होकर भी फलतः भौतिक या व्यावहारिक भी माना जाता था। इन विपरीत विचार-धाराओं वाले व्यक्ति प्राचीन वैदिक भाषा में 'आर्य' और 'अनार्य' अथवा 'दस्यु' कहलाते थे। 'आर्य' का अर्थ श्रेष्ठ या संस्कृत जन, तथा 'अनार्य' का नीच अथवा असंस्कृत जन था। इसी से आर्यों ने अपनी भाषा का नाम देववाणी, गीर्वाणी आदि रक्खा था[1]। आर्यों के देवोपासक होने का अर्थ जहाँ बाह्य-रूप से इन्द्र, वरुण, वायु, सूर्य, सोम, अग्नि आदि देवों का उपासक होना था, वहाँ आन्तरिक या आध्यात्मिक रूप से उसका अर्थ दैवी गुणों—धृति, क्षमा, सत्य, शौच निग्रह, विवेक आदि—का अनवरत उपासक या अभ्यासी, होना था। बाह्य तथा आध्यात्मिक दृष्टि में वस्तुतः कोई भेद था भी नहीं, क्योंकि भिन्न-भिन्न देवता भिन्न-भिन्न गुणों के ही प्रतीक माने गए थे। जैसे, इन्द्र धर्मयुद्ध के देवता थे और असुरों या दस्युओं को मार-भगा कर दीन-दुखियों एवं विवशों की उनसे रक्षा करने वाले और तन्निमित्त वज्रास्त्र धारण करने वाले माने गए थे। जन-जीवन के उपतापी वृत्रासुर के इन्द्र द्वारा वध किए जाने का उल्लेख ऋग्वेद में आया है। वरुण 'ऋत'—नैतिक व्यवस्था—के संरक्षक या परिचालक माने गए थे। उनका काम था पापियों-दुष्टों की सतत निगरानी करना और उनके पापों के लिये उन्हें बाँध कर दण्ड देना। इसी से वे दुष्टों को बाँधने के लिए, उन्हें फाँसी देने के लिए, हाथों में पाश—फाँस—लेकर घूमने वाले माने गए थे। इसी प्रकार अन्यान्य देवों के भी कार्य तथा तदनुरूप अस्त्र इत्यादि थे। कहने का तात्पर्य यह है कि वैदिक एवं पौराणिक वाङ्मय में अनेकशः उल्लिखित देवासुरसंग्राम भी सृष्टि में उसके आदि से ही समाविष्ट दो परस्पर विरोधी दलों या शक्तियों का भौतिक या शारीरिक संघर्ष होने के अतिरिक्त समष्टि या समाज, और उससे भी बढ़कर व्यष्टि या व्यक्ति के अभ्यन्तर की दैवी एवं आसुरी. इन दो विरुद्ध शक्तियों के बीच सतत होने वाले युद्ध या संघर्ष का प्रतीक था, उसका द्योतक था। बृहदारण्यक १।३।१ में इस विरोध का स्पष्ट उल्लेख है :—'द्वया ह प्राजापत्या देवाश्चासुरश्च। ततः कानीयसा एवं देवा ज्यायसा असुरास्त एषु लोकेष्वस्पर्धन्त।' भाष्यकार शंकराचार्य ने इन पंक्तियों का भाव स्पष्ट करते हुए लिखा है कि शास्त्र-जनित ज्ञान-कर्म वाले देवता हैं और उसके विपरीत मनमाने ज्ञान-कर्म वाले प्राणी असुर हैं। 'असु' अर्थात् प्राण में रमण करने वाले, अर्थात् प्राणों को कष्टप्रद ज्ञान-कर्म को न अपनाने वाले असुर हैं। ऐसों की ही संख्या अधिक होने से उन्हें 'ज्यायान्' तथा देवों को 'कनीयान्' कहा है। गीता[1] इत्यादि आध्यात्मिक साहित्य में दैवी एवं आसुरी सम्पद् का विरोध

१. परवर्ती काल के आचार्य दण्डी का 'संस्कृतं नाम दैवी-वागन्वाख्याता महर्षिभिः' इत्यादि लेख इसी दृष्टि का परिचायक है।

१. द्रष्टव्य अ० १६, श्लोक १--४।

वास्तव में पूर्वकालिक देवासुरसंग्राम की भावना का ही विकसित एवं उत्कृष्ट रूप है। मानव-मन की ये दोनों दैवी एवं आसुरी शक्तियाँ सत् और असत्, या सात्त्विक और तामस, अथवा धार्मिक और अधार्मिक वृत्तियों के रूप में समूचे संस्कृत साहित्य में उल्लिखित हैं। दैवी गुणों या वृत्तियों का ही नाम धर्म है, और इनका यह नाम सर्वथा सार्थक है क्योंकि, जैसा वेदव्यास ने महाभारत में लिखा है[1], 'धर्म' उन गुणों या वृत्तियों का सामुदायिक या सामूहिक नाम है, जिनसे जीवन सुखमय रूप में धारण किया जाता है, अर्थात् जिनके अभ्युदय से, जिनकी वृद्धि से, प्रजा-जीवन स्थायी एवं सुरक्षित होता है, एवं जिनका ह्रास होने से वह विपन्न या नाशोन्मुख होकर क्रमशः समाप्त होने लगता है। कणाद ने भी 'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः' इस कथन के द्वारा 'धर्म' को अनिवार्यतः सुख एवं श्रेय का मूल माना है। मनु ने 'धर्म' के अन्तर्गत इन्हीं जीवनधारक तत्त्वों की गणना इस प्रकार की है:—

> धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
> धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्॥ [६।९२]

भगवान् वेदव्यास ने महाभारत में स्पष्ट लिखा है कि इन्हीं धर्म-तत्त्वों के आचरण एवं अभ्यास से अर्थ और काम भी सिद्ध होता है, अतः यही सर्व प्रकार से मानव द्वारा सेव्य हैं।[2] स्वयं भगवान् मनु ने भी अर्थ एवं काम को धर्म से अनुशासित दिखाया है। मैथुन को मुख्यतः सन्तान या प्रजा की उत्पत्ति का साधन बताकर उस मैथुन की उच्छृङ्खलता पर मनु ने रोक लगा दी है। प्रजार्थ मैथुन ही प्रशस्त है, वह भी अपनी धर्म-परिणीता भार्या के साथ और वह भी उसके ऋतुकाल में होना चाहिए। ऋतुकाल में भी पर्व-तिथियाँ त्याज्य हैं।[3] संक्षेप में कह सकते हैं कि मनुष्य की कामोपभोग की वासना पर मनु ने संयम का अंकुश लगाकर भारतीय गार्हस्थ्य-जीवन को 'धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ' का सच्चा प्रतीक बना दिया है। यह संयम धर्म के पूर्व उद्धृत दस तत्त्वों में इन्द्रिय-निग्रह तथा दम (चित्त-निग्रह) के नाम से गृहीत है। इसी प्रकार दैवयज्ञ, पितृयज्ञ (श्राद्ध-तर्पण आदि), नृयज्ञ (अतिथि पूजन) तथा वैश्वबलि (समस्त भूतों या प्राणियों के निमित्त अन्न देना) के नाम से दैनिक चर्या में विहित महायज्ञ धर्म के दस तत्त्वों में 'अस्तेय' नाम से गृहीत हैं। देवता, पितरों, अतिथियों— दैववश अपने यहाँ पहुँचे हुए मनुष्यों—एवं पशु-पक्षि-कीटादि को यथाविधि उनका भोज्य अंश या भाग देना ही 'अस्तेय,' तथा उन्हें उनका देय अंश न देना ही 'स्तेय' है—चोरी है। इस प्रकार चोरी न करने वाले—इन यज्ञादि कर्मों से अवशिष्ट अन्न को ही ग्रहण करने वाले—गृहस्थ का जीवन ही निष्पाप या धार्मिक जीवन होता है। इसके विपरीत इन्हें बिना दिए खाने वाले चोरी करते हैं, अघ ही खाते हैं[1]। इसी प्रकार ब्रह्मयज्ञ (स्वाध्याय, सन्ध्यावन्दन आदि) नामक पाँचवें यज्ञ को दैनिक चर्या में स्थान देकर वस्तुतः धर्म के 'विद्या' एवं 'धी' नामक प्रसिद्ध तत्त्वों का ही जीवन में ग्रहण या उपादान किया गया है। उपनिषद्, रामायण, महाभारत, गीता, स्मृति तथा पुराण आदि समस्त संस्कृत साहित्य वस्तुतः 'धर्म' के इस व्यापक रूप की ही विस्तृत एवं सांगोपांग व्याख्या है।

भारतीय ऋषियों मनीषियों एवं विचारकों की जिस दृष्टि का विवेचन ऊपर किया गया है, वह अनादि काल से ही भारत की वस्तुतः अपनी सब से बड़ी विशेषता रही है। इसने समूचे राष्ट्रीय-जीवन की अन्य समस्त प्रवृत्तियों को सबसे अधिक प्रभावित किया है। एक बार यह बात स्पष्ट रूप से समझ ली जाय, फिर उसकी अन्य प्रमुख विशेषताओं का रहस्य स्वयमेव उद्घाटित हो जायगा। यहाँ तक कि संस्कृत साहित्य में प्रतिबिम्बित होने वाले

---

१. धारणाद्धर्म इत्याहुर्धर्मो धारयति प्रजाः।
   यः स्याद् धारणसंयुक्तः स धर्म इति निश्चयः॥

२. ऊर्ध्वबाहुर्विरौम्येष न च कश्चिच्छृणोति मे।
   धर्मादर्थश्च कामश्च स धर्मः किं न सेव्यते॥

३. ऋतुकालाभिगामी स्याद् स्वदारनिरतः सदा।
   पर्ववर्जं व्रजेच्चैनां तद्व्रतो रतिकाम्यया॥—मनु० ३।४५

---

१. द्रष्टव्य, गीता ३।१२-१३ :—
   इष्टान् भोगान् हि वो देवा दास्यन्ते यज्ञभाविताः।
   तैर्दत्तानप्रदायैभ्यो यो भुंक्ते स्तेन एव सः॥
   यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्बिषैः।
   भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात्॥

राष्ट्रीय जीवन के जो पार्श्व, जो वैशिष्ट्य और जो प्रवृत्तियाँ इस आध्यात्मिकता अथवा धार्मिकता की प्रवृत्ति के आपाततः प्रतिकूल या विरुद्ध प्रतीत होती हैं, वे भी वस्तुतः इसके प्रतिकूल नहीं अपि तु इसी से प्रभावित सिद्ध होती हैं। उदाहरण के लिए कुछ प्रधान वैशिष्ट्यों की यहाँ मीमांसा की जा सकती है। जैसे, संस्कृत साहित्य में शृंगार का बहुत अधिक वर्णन मिलता है। ऐसा क्यों है? क्योंकि साहित्य समाज का दर्पण है, मानव-जीवन का प्रतिबिम्ब है और मानव-जीवन की समस्त प्रवृत्तियों में सर्वाधिक बलवती प्रवृत्ति शृंगार की ही दीख पड़ती है। यह क्यों है? क्योंकि सारी सृष्टि इसी को लेकर है, सारी सृष्टि के मूल में यही प्रवृत्ति कार्य करती दिखाई पड़ती है। जो प्रवृत्ति हम सबकी सृष्टि के मूल में है, वह सृष्टि के स्थिति-काल में कभी भी गौण या न्यून कैसे हो सकती है? प्रकारान्तर से इससे यह भी सिद्ध होता है कि आकर्षण के फलस्वरूप होने वाले पारस्परिक संयोग का अन्तिम परिणाम सृष्टि ही है। इसके पहले भी कह चुके हैं कि बिना सृष्टि का शृंगार विफल है, सन्तानोत्पत्ति के बिना मैथुन या सम्भोग निष्फल है—'शोच्यं मैथुनमप्रजम्' (व्यास)। यही कारण है कि जहाँ मानव-प्रकृति में शृंगार की अनिवार्यता के कारण संस्कृत साहित्य में उसका प्रभूत वर्णन है, वहाँ कहीं भी उसे उसकी स्वभावतः वाञ्छनीय अन्तिम परिणति से शून्य अथवा विरहित रूप में नहीं चित्रित किया गया है। और यह बात देश की पूर्वोल्लिखित धार्मिक प्रवृत्ति के सर्वथा अनुकूल ही है, क्योंकि 'धर्म' नाम उन कर्मों और गुणों का है—उस नियमित आचरण का है—जिसकी आवश्यक परिणति सुख-श्रेय में होती है और धर्म-सन्तति माता-पिता के कितने ऐहलौकिक श्रेय का कारण होती है, यह तो सभी को अनुभवगम्य है। विदेशी साहित्यों के शृंगार-वर्णन के विषय में भी यही बात सत्य है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसके अतिरिक्त एक बात और भी है और वह यह है कि संस्कृत साहित्य में यह शृंगार देश की पूर्व प्रदर्शित धार्मिक विशेषता के अनुसार ही इन्द्रियनिग्रह से अवच्छिन्न—नियमों-मर्यादाओं से परिवेष्टित—ही दिखाया गया है। नियमों एवं मर्यादाओं से हीन शृंगारिक प्रवृत्ति की परिणति विनाश में दिखाई गई है। इस प्रकार अन्वय और व्यतिरेक—जहाँ जहाँ शृंगार नियमित-मर्यादित होता है, वहाँ-वहाँ उसकी परिणति सुख में होती है; इसके विपरीत जहाँ-जहाँ वह नियमित नहीं होता, वहाँ-वहाँ उसकी परिणति सुख में नहीं होती—के द्वारा शृंगार की भी धर्ममयता अनिवार्य रूप से चित्रित की गई है। उदाहरण के लिए शृंगार रस के अप्रतिम चितेरे कवि-कुल-गुरु कालिदास की परिपक्वावस्था के प्रतिनिधि-भूत काव्यों में चित्रित शृंगार को लिया जा सकता है। यों, 'कुमारसम्भव' में, भी कालिदास ने पार्वती जी के मांसल प्रेम—अपने अप्रतिम रूप द्वारा शिवजी को पानेकी उनकी वासना—को उग्रतप[1] द्वारा विशुद्ध[2] कराकर ही उसकी परिणति विवाह के माध्यम से कुमार जैसे अप्रतिम देव-सेनानी की उत्पत्ति में की है। 'रघुवंश' में तो आरम्भ ही में—

'यथाविधि हुताग्नीनां यथाकामार्चितार्थिनाम्।
यथापराधदण्डानां यथाकालप्रबोधिनाम्॥
त्यागाय सम्भृतार्थानां सत्याय मितभाषिणाम्।
यशसे विजिगीषूणां प्रजायै गृहमेधिनाम्॥
शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम्।
वार्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम्॥
रघूणामन्वयं वक्ष्ये·····' इत्यादि

लिख कर कालिदास ने भारतीय जीवन में शृंगार की प्रजार्थता एवं संयमशालिता, दोनों की ही प्राण-प्रतिष्ठा की है। आगे का समस्त 'रघुवंश' काव्य धर्म-शोभित इसी शृंगार की, 'युक्त आहार-विहार'[3] की अद्भुत व्याख्या है, भोग-योग का अनुपम भाष्य है। इस गूढ तत्त्व के प्रतिपादनार्थ कालिदास ने पूर्वोक्त 'अन्वय' के अतिरिक्त 'व्यतिरेक' प्रक्रिया का भी आश्रय लिया है। 'रघुवंश' के अन्तिम (१९ वें) सर्ग में राजर्षि सुदर्शन के पुत्र सार्थकनामा महाराज 'अग्निवर्ण'

१—द्रष्टव्य, कुमारसम्भव ५।१४-२९।
२—द्रष्टव्य, वही ५।८२।
३—द्रष्टव्य, गीता ६।१७:—
युक्ताहारविहारस्य युक्त- चेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥

के असंयत एवं अमर्यादित भोग-विलास का प्रथमतः तो भयङ्कर राजयक्ष्मा, तथा अन्ततः कष्टप्रद विनाश में पर्यवसान प्रदर्शित करके कालिदास ने इसी रहस्य का समुन्मीलन किया है। 'शाकुन्तल' में चित्रित शृङ्गार भी इसी प्रकार का है। कण्व के आश्रम में शकुन्तला के अप्रतिम रूप को देख कर जब दुष्यन्त उसमें आसक्त हो जाता है, तब संभोग के पूर्व ही उसके साथ विवाह की सम्भावना पर विचार करता है और उसमें कोई धार्मिक अड़चन न देख कर ही शकुन्तला के साथ प्रेम-व्यापार में संलग्न होता है—

'असंशयं क्षत्रपरिग्रहक्षमा यदार्यमस्यामभिलाषि मे मनः।'
सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः ॥
(शाकु० प्रथमाङ्क)

दो वयस्क स्त्री-पुरुषों के अप्रतिम सौन्दर्य से परस्पर आकृष्ट होने तथा फलतः प्रेम करने में भी कालिदास कोई हानि नहीं देखते। आकर्षण एवं चाञ्चल्य उत्पन्न करना मानव-स्वभाव-सुलभ रजोगुण का धर्म ही ठहरा, विशेषतः रजोबहुल सामान्य स्वभाव का। इसलिए राजर्षि दुष्यन्त एवं क्षत्रिय-कन्या शकुन्तला का प्रणय-व्यापार, एवं गान्धर्व विवाह में उसका पर्यवसान अनुचित नहीं ठहरता। परन्तु यह सब कण्व के परम पवित्र आश्रम में हुआ, बस यही अनुचित हुआ। इसी के साथ इतना अनुचित और हुआ कि गांधर्व विवाह करके दुष्यन्त के चले जाने पर उसके प्रेम में मस्त, अनन्यमानसा शकुन्तला ने कुटी-द्वार पर उपस्थित दुर्वासा जैसे पूज्य अतिथि का स्वागत नहीं किया। इन्हीं मर्यादाभङ्गरूप अपराधों के लिए दोनों को वियोग-दण्ड मिला और उसे भोग कर शुद्धान्तरात्मा होने पर ही मारीचाश्रम में दोनों का दिव्य मिलन सम्पन्न हुआ। 'मेघदूत' में भी कालिदास ने यक्षराज कुबेर के नियम में स्थित नववयस्क यक्ष की, अपनी नव-परिणीता प्राणवल्लभा यक्षिणी के अतिशय प्रेम में, आपादमस्तक निमग्नता के कारण कर्त्तव्य-विषयक उसका प्रमाद दिखा कर तथा उसके फलस्वरूप वर्षावधिक मृत्युलोक वास का दण्ड दिलाकर, दोनों को ही असह्य वियोग-अग्नि में खूब जलाया है। फिर अनल-तप्त विशुद्ध कनक-खण्ड की भाँति विरहानल-सन्तप्त समुज्ज्वल दम्पती के परिपूत प्रेम की दोनों के संयोग में परिणति दिखाई है और इस प्रकार अन्ततः उस अमर प्रेम को विजयी दिखाया है।

वास्तविक विरह या वियोग का आवश्यक अंग असह्य वेदना या व्यथा है और इस व्यथा का आवश्यक अंग या उपादान पति-पत्नी का परम प्रेममय एवं प्रगाढ़ दाम्पत्य-सम्बन्ध है। जब तक दम्पती में परस्पर गाढ़ी प्रीति नहीं होगी, तब तक दोनों के पार्थक्य अथवा विरह में क्या व्यथा होगी, कितनी वेदना होगी ? वास्तविक प्रेम की मात्रा का अनुमान संयोग और वियोग में क्रमशः होने वाले अप्रतिम-अनुपम सुख एवं असह्य दुःख या वेदना की मात्रा से ही होता है। किसी कवि की इस सम्बन्ध में कितनी ठीक उक्ति है :—

प्रेम सत्यं तयोरेव ययोर्योगवियोगयोः।
वत्सरा वासरीयन्ति वत्सरीयन्ति वासराः ॥

जिन दो सौभाग्यशाली व्यक्तियों के संयोग में वत्सर अर्थात् वर्ष के वर्ष दिन की भाँति बीत जाते हैं एवं वियोग में दिन भी वर्ष हो जाते हैं, उन्हीं का प्रेम 'प्रेम' है। विरह की पीर विरहियों के प्रेम का मापदण्ड है। स्वैरी-स्वैरिणी अर्थात् लम्पट या स्वेच्छाचारी नर-नारियों का न तो प्रेम 'प्रेम' है और न विरह 'विरह'। इसी से परस्पर वियोग में उन्हें व्यथा भी नहीं होती। प्राचीन भारतीय परम्परा का नायक जहाँ अपनी प्राणप्रिया नायिका के वियोग में विकल-विह्वल रहता है, वहाँ नायिका की भी नायक के वियोग में अत्यन्त करुण दशा हो जाती है। इस प्रकार यह विरह प्रेम की दिव्यता का दृढ साक्षी है। इसी से विरह-वर्णन भारतीय प्रेम-वर्णन का आवश्यक अंग हो गया है। इस प्रकार परिताप, जलन, विह्वलता, व्यथा एवं कृशता आदि के चित्रण द्वारा विरह की गभीर एवं मर्यादापूर्ण व्यञ्जना संस्कृत के शृङ्गार-वर्णन की तीसरी महत्त्वपूर्ण विशेषता है।

साध्वी शकुन्तला के वियोग में दुष्यन्त, एवं यक्षिणी के वियोग में यक्ष की करुण-दशा का हृदयग्राही चित्रण कविचक्रवर्त्ती कालिदास ने किया है। कालिदास ने शकुन्तला-वियोग में महाराज दुष्यन्त की दुरवस्था का बड़ा ही कारुणिक चित्र कञ्चुकी के शब्दों में खींचा है[1]। विरही यक्ष

१. द्रष्टव्य, शाकुन्तल ६।६

और यक्षिणी का चित्र खींचने में तो कालिदास ने मानो समूचे विश्व के समस्त विरहियों की सारी करुण व्यथा को समेट कर लगा दिया है। अपनी प्राणप्रिया यक्षिणी को दिए जाने वाले वाचिक में स्वयं यक्ष ने अपनी विरह-व्यथा का कैसा हृदयद्रावक चित्र खींचा है :—

'मामाकाशप्रणिहितभुजं निर्दयाश्लेषहेतो-
र्लब्धायास्ते कथमपि मया स्वप्नसन्दर्शनेषु।
पश्यन्तीनां न खलु बहुशो न स्थलीदेवतानां
मुक्तास्थूलास्तरुकिसलयेष्वश्रुलेशाः पतन्ति ॥

[उत्तरमेघ ४३]

इसके पूर्व अपनी प्रिया की पहिचान बताते हुए यक्ष ने उसका जो चित्र खींचा है, वह भारत की पतिव्रता विरहिणी का संस्कृत साहित्य में प्रतिनिधिभूत सर्वश्रेष्ठ अमर चित्र है। कितना मनोमोहक है यह चित्र—

'तां जानीथाः परिमितकथां जीवितं मे द्वितीयं
दूरीभूते मयि सहचरे चक्रवाकीमिवैकाम्।
गाढोत्कण्ठां गुरुषु दिवसेष्वेषु गच्छत्सु बालां
जातां मन्ये शिशिरमथितां पद्मिनीं वान्यरूपाम् ॥
नूनं तस्याः प्रबलरुदितोच्छूननेत्रं प्रियाया
निःश्वासानामशिशिरतया भिन्नवर्णाधरोष्ठम्।
हस्तन्यस्तं मुखमसकलव्यक्ति लम्बालकत्वा-
दिन्दोर्दैन्यं त्वदनुसरणक्लिष्टकान्तेर्बिभर्ति ॥
आलोके ते निपतति पुरा सा बलिव्याकुला वा,
मत्सादृश्यं विरहतनु वा भावगम्यं लिखन्ती।
पृच्छन्ती वा मधुरवचनां सारिकां पञ्जरस्थां
कच्चिद्भर्तुः स्मरसि रसिके त्वं हि तस्य प्रियेति ॥
उत्सङ्गे वा मलिनवसने सौम्य निक्षिप्य वीणां,
मद्गोत्राङ्कं विरचितपदं गेयमुद्गातुकामा।
तन्त्रीमार्द्रां नयनसलिलैः सारयित्वा कथञ्चिद्
भूयो भूयः स्वयमपि कृतां मूर्च्छनां विस्मरन्ती ॥
शेषान् मासान् विरहदिवसस्थापितस्यावधेर्वा
विन्यस्यन्ती भुवि गणनया देहलीदत्तपुष्पैः।
मत्सङ्गं वा हृदयनिहितारम्भमास्वादयन्ती
प्रायेणैते रमणविरहेष्वङ्गनानां विनोदाः ॥

[उत्तरमेघ २०–२४]

अपने इस विरह-वर्णन में कालिदास बहुत-कुछ वाल्मीकि से प्रभावित हैं और भवभूति कालिदास से। इस वर्णन को पढ़-सुन कर कितनी पवित्रता का भाव उदय होता है। महामहिम सती-साध्वी भारतीय नारी के सम्बन्धमें इन पूत चित्रों का जैसा अमिट प्रभाव स्त्री-चरित्र पर पड़ेगा, वैसा क्या नारी-धर्मों के कोरे उपदेशों से भी पड़ सकता है? सती सीता को अयोध्या में ही छोड़ कर अकेले ही वन-प्रस्थान के लिए उद्यत राम के वियोग से भीरु सीताजी की—

"आर्यपुत्र! पिता माता भ्राता पुत्रस्तथा स्नुषा।
स्वानि पुण्यानि भुञ्जानाः स्वं स्वं भाग्यमुपासते ॥
भर्तुर्भाग्यं तु नार्येका प्राप्नोति पुरुषर्षभ।
अतश्चैवाहमादिष्टा वने वस्तव्यमित्यपि ॥
यदि त्वं प्रस्थितो दुर्गं वनमद्यैव राघव।
अग्रतस्ते गमिष्यामि मृद्नन्ती कुशकण्टकान् ॥
प्रासादाग्रैर्विमानैर्वा वैहायसगतेन वा।
सर्वावस्थागता भर्तुः पादच्छाया विशिष्यते ॥
सुखं वने निवत्स्यामि यथैव भवने पितुः।
अचिन्तयन्ती त्रींल्लोकांश्चिन्तयन्ती पतिव्रतम् ॥
शुश्रूषमाणा ते नित्यं नियता ब्रह्मचारिणी।
सह रंस्ये त्वया वीर वनेषु मधुगन्धिषु" ॥

[वाल्मीकि०, अयोध्या० २७।४,५,६,६,१२,१३]

इत्यादि अभ्यर्थना में भारतीय नारी-चरित की कितनी गरिमा भरी हुई है, कौन कह सकता है?

संस्कृत साहित्य की एक दूसरी प्रमुख विशेषता उसका प्रायेण रूढिवादी होना है। 'प्रायेण' का प्रयोग इस बात का संकेत करने के लिए किया गया कि रूढिवादी होने पर भी यह विकासशील रहा है। इस विकासशीलता को थोड़ा बाद में स्पष्ट करेंगे। रूढिवादिता के कई रूप हैं। जैसे, विशेषतः राजा-रानियों, मन्त्रियों आदि अभिजात वर्गीय व्यक्तियों को ही काव्य के नायक-नायिका बना कर उनके चरितों का वर्णन करना तथा मध्यम और निम्न वर्ग के लोगोंको उन्हीं के चरित्र-विकास में साधन अथवा उपकरण-मात्र के रूप में ग्रहण करना, उन नायक-नायिकाओं के चरित्र में अन्तर्द्वन्द्व का सर्वथा अभाव दिखाना, काव्यों को और विशेषतः नाट्य-काव्यों को सुखान्त ही दिखाना—

उनका पर्यवसान नायक की पराजय अथवा असफलता में न दिखाकर विजय या सफलता में ही दिखाना—आदि आदि। थोड़े ही विचार से यह बात स्पष्ट हो जायगी कि संस्कृत साहित्य की यह विविध रूढ़िवादिता उस के इस देश की पूर्व-व्याख्यात धार्मिक पृष्ठभूमि में सृष्ट होने के कारण ही है। अत्यन्त प्राचीन काल से ही इस देश में 'कुल' का बड़ा महत्त्व रहा है और आज भी बहुत कम नहीं है। देश के मनीषी ऋषियों एवं विचारक आचार्यों की सदा से ही यह धारणा रही है कि मर्हर्घ मानवीय गुणों को सीखने के लिए कुल अथवा परिवार से बढ़कर कोई दूसरी पाठशाला नहीं है। आज के भी शिक्षाशास्त्रियों की यह मान्यता है कि मनुष्य पर माता-पिता की शिक्षा का, और वह भी बाल्यकाल में, जैसा प्रभाव पड़ता है, वैसा अन्य किसी भी पुरुष का किसी भी काल में नहीं पड़ता। इस प्रकार मनुष्य के भावी निर्माण पर सर्वाधिक सुदृढ प्रभाव प्रारम्भिक पारिवारिक वातावरण का ही पड़ता है। अभिजात कुल में शिष्ट माता-पिता से उत्पन्न सन्तान जन्म से ही अपने उच्च कुल और शिष्ट माता-पिता के संस्कार ग्रहण करेगी। फिर प्रारम्भिक काल में अपने परिवार के शिष्ट सदस्यों के बीच ही रहने के कारण उसके वे सत् संस्कार और भी सुदृढ हो जाते हैं, जिससे आगे भी चलकर वह भरसक तो असत् या अशिष्ट जनों का संपर्क और संग बचाता है किन्तु यदि कभी विवशतावश ऐसा कुसंग हो भी गया तो उसका उस पर या तो कुछ नहीं या बहुत कम प्रभाव पड़ पाता है। यही कारण है कि प्राचीन काल से ही कुल, वंश अथवा परम्परा की रक्षा के अथक प्रयत्न होते रहे हैं। ऐसी स्थिति में 'धर्म' के नाम पर जिन अनेक गुणों की चर्चा पहले की जा चुकी है, उनको काव्य-लेखन आदि विविध राष्ट्रीय प्रयत्नों द्वारा जन-जीवन में प्रतिष्ठित करने के लिए अभिजातवर्गीय राजाओं, मन्त्रियों, आचार्यों तथा अन्य लोकनायकों की तात्कालिक काव्यादिकों में प्रधानता सर्वथा समीचीन एवं न्याय्य प्रतीत होती है। फिर उनके चरित्र-विकास के उपकरण रूप में मध्यमवर्गीय अथवा अधमवर्गीय पात्रों का भी उपयोग किया ही गया है, उनकी उपेक्षा नहीं की गई है।

इस प्रकार जब राजर्षियों, महर्षियों, मुनियों एवं भगवदवतारों आदि के चरितों को काव्यादि में अपनाया गया, तब प्रायेण उनमें अन्तर्द्वन्द्व का अभाव दिखाना स्वाभाविक ही हो गया, क्योंकि अन्तर्द्वन्द्व मानव-मन की दुर्बलताओं का सूचक है, और उदाराशय महापुरुषों के सुदृढ एवं सबल चरित्र में किसी भी प्रकार की दुर्बलता का चित्रण स्वतोविरुद्ध होने के अतिरिक्त स्व-प्रयोजन को विफल बनाने वाला होने के कारण अयुक्त ही होता। यह 'अन्तर्द्वन्द्व' है क्या वस्तु ? वस्तुतः जब कभी भी किसी गम्भीर प्रश्न या समस्या के उपस्थित होने पर मानव का मन स्थिरता और गम्भीरता के साथ उस पर सोच-विचार नहीं कर पाता अथवा प्रयत्नपूर्वक सोच-विचार करके भी जब किसी निर्णय पर नहीं पहुँच पाता, अपनी भावी गति-विधि या क्रिया-सरणि का निश्चय नहीं कर पाता, तब इस अनिश्चयात्मकता की मन-स्थिति को 'अन्तर्द्वन्द्व' कहा जाता है। इस प्रकार के अन्तर्द्वन्द्व का पाश्चात्य काव्य-नाटकादि के नायक इत्यादि में प्रदर्शन प्रायः मिलता है। पाश्चात्य कवि तथा समालोचक दोनों ही गम्भीर-गहन स्थितियों में मनुष्य-चरित्र में अन्तर्द्वन्द्व के प्रदर्शन को स्वाभाविक और समीचीन मानते हैं। साधारणतः सत्य बात यही है भी। परन्तु जिस धार्मिक और आध्यात्मिक पृष्ठभूमि में संस्कृत वाङ्मय का विकास हुआ है, उसमें अद्भुत-अनुपम गुणादि से अलंकृत नायकों के चरित्र में अन्तर्द्वन्द्व दिखाना कितना समीचीन है, सहृदय विचारक स्वयं ही समझ सकते हैं। क्या वाल्मीकि, कालिदास अथवा भवभूति के लिए राम के चरित में अन्तर्द्वन्द्व दिखाना किसी प्रकार उचित होता ? क्या कृष्ण के चरित में कहीं अन्तर्द्वन्द्व को स्थान देना वेदव्यास या माघ इत्यादि परवर्ती कवियों के लिए उचित होता ? क्या पुण्यश्लोक महाराज नल के चरित में अन्तर्द्वन्द्व दिखाना श्रीहर्ष आदि के लिए ठीक होता अथवा क्या कालिदास के लिए मानव स्वभाव की एक सर्व-सामान्य दुर्बलता का शिकार होने वाले राजर्षि दुष्यन्त के चरित में भी अन्तर्द्वन्द्व दिखाना युक्त होता ? इन सभी प्रश्नों का एकमात्र उचित उत्तर 'नहीं' में ही होगा। इसीलिए कालिदास ने अन्तर्द्वन्द्व की परिस्थितियों में उसका सर्वथा अभाव ही दिखाया है। दो ही

उदाहरण पर्याप्त होंगे।

महाराज दुष्यन्त शकुन्तला के अदृष्टपूर्व रूप को देखकर उस पर मुग्ध हो गए। फिर जब दुष्यन्त में उसके भोग की इच्छा अत्यन्त उत्कट हुई, तब कालिदास को दुष्यन्त के मन में अन्तर्द्वन्द्व दिखाना था, उन्हें भोग के औचित्यानौचित्य अथवा कर्तव्याकर्तव्यत्व के विषय में दुष्यन्त को विचार-मग्न दिखाकर द्विविधा में डालना था। परन्तु शकुन्तला के ग्राह्याग्राह्यत्व के विषय में दुष्यन्त के मन में विचार उठते ही कालिदास ने उसमें इस निश्चयात्मक भाव के आविर्भाव का चित्रण किया है:—

"असंशयं क्षत्रपरिग्रहक्षमा यदार्यमस्यामभिलाषि मे मनः।
सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः" ॥

दुष्यन्त के रूप-विहङ्ग मन की भी कैसी दृढता दिखाई है कालिदास ने। मन में द्विविधा का भाव आते ही दुष्यन्त कह उठते हैं कि चूँकि मेरा 'आर्य'—पवित्र—मन इसकी अभिलाषा कर रहा है, अतः यह निस्सन्देह क्षत्रिय की दारा होने योग्य है। इसी प्रकार जब शार्ङ्गरव, शारद्वत तथा गौतमी के साथ शकुन्तला को लेकर दुष्यन्त के दरबार में उपस्थित होता है और जब वह उनसे अपनी पूर्वपरिणीता धर्मपत्नी को ग्रहण करने का आग्रह करता है और शकुन्तला के साथ पूर्वघटित अपने गान्धर्व-विवाह को दुर्वासा-शाप के कारण भूले हुए धर्मभीरु राजा उसे ग्रहण करने को प्रस्तुत नहीं होते, तब आर्या गौतमी शकुन्तला से क्षण भरके लिए लज्जा का त्याग करने का निवेदन करके उसका अवगुण्ठन हटा देती हैं। राजा उसका अक्लिष्ट-कान्ति रूप देखकर उस पर मुग्ध होते हैं और उसे छोड़ना भी नहीं चाहते किन्तु अपने द्वारा उसके परिगृहीत होने की घटना का स्मरण न होने के कारण तत्क्षण कह उठते हैं—'भोस्तपोधनाः, चिन्तयन्नपि न स्वीकरणमत्रभवत्याः स्मरामि; तत्कथमिमामभिव्यक्तसत्त्वलक्षणां प्रत्यात्मानं क्षेत्रिणमाशङ्कमानः प्रतिपत्स्ये'[1]। फिर स्वयं शकुन्तला के अनेकशः प्रयत्न करने पर भी शार्ङ्गरव से निन्दित एवं भर्त्सित राजा उसे ग्रहण नहीं करते। इस समूचे प्रसङ्ग में कालिदास ने दुष्यन्त की धर्मनिष्ठा का चित्रण किया है, उस के अन्तर्द्वन्द्व का नहीं, यद्यपि शकुन्तला के रूप पर मुग्ध होने तथा अपने द्वारा किए गए उसके पूर्वपरिग्रह का स्मरण न होने का अवसर ऐसा था कि अन्तर्द्वन्द्व चित्रित किया जा सकता था।

महाकवि भवभूति के उत्तररामचरित में भी इसी प्रकार अन्तर्द्वन्द्व के चित्रणों का अभाव ही है। उदाहरणार्थ, दुर्मुख नामक अपने गुप्तचर के मुँह से सीतापवाद की बात सुनने पर राम के मन में कर्तव्याकर्तव्य के विषय में अनिश्चय एवं उधेड़ बुन—अन्तर्द्वन्द्व—का उदय होना सामान्यतः स्वाभाविक होता परन्तु भवभूति ने इसके विपरीत उत्तरचरित में चित्रित राम के अनन्यदृष्ट सुदृढ बौद्धिक व्यवसाय अथवा निश्चय का ही चित्रण किया है। लोक में फैलते हुए सीतापवाद की वार्ता सुन कर वे क्षण भर को दुःखी अवश्य होते हैं—क्योंकि दुःखी न होना अमानुषिक होता—पर किंकर्तव्यविमूढ नहीं। शीघ्र ही लक्ष्मण को सीता की दोहद पूर्ति के व्याज से उसे भागीरथी-तट पर छोड़ने की आज्ञा देकर भगवान् राम पूर्व-प्रतिश्रुत अपने उस वचन को चरितार्थ करते हैं जो उन्होंने कुलगुरु भगवान् वसिष्ठ से प्रजारञ्जन का सन्देश पाने पर कहा था—

'स्नेहं दयाञ्च सौख्यं च यदि वा जानकीमपि।
आराधनाय लोकानां मुञ्चतो नास्ति मे व्यथा॥

इसी प्रकार जब राज्य का एक ब्राह्मण अपने मृत बालक को लेकर राजद्वार पर उपस्थित हुआ और छाती पीटने के साथ ही 'अब्रह्मण्यम् अब्रह्मण्यम्' इस प्रकार चिल्लाने लगा, तब राम के यह विचार करते ही कि 'राजा के अनाचार के बिना प्रजा की अकाल-मृत्यु हो नहीं सकती, अतः मुझसे अवश्य ही जाने-अनजाने कोई पापाचरण हुआ है, यह आकाशवाणी हुई कि 'शम्बूक नामक शूद्र पृथिवी पर अविहित तप कर रहा है, अतः हे राम! वह तुम्हारे द्वारा वध्य है, उसका वध करके ब्राह्मण-बालक को जीवन-दान करो'। इसे सुनकर जगत्पति राम ने हाथ में खड्ग लेकर तथा पुष्पक विमान पर चढ़कर उसे ढूँढ़ना आरम्भ कर दिया और

पता पाते ही उसका सिर काट लिया। सिर काटते समय दयासिन्धु जगतपति राम द्वारा कृपाणधारी कृपाकृपण अपने दक्षिण पाणि की निन्दा कराकर भवभूति ने उनकी प्रत्येक जीव—चाहे वह पापी हो या धर्मात्मा—के प्रति सहज-स्वाभाविक करुणा अवश्य ही दिखाई है, किन्तु क्रूर कर्तव्य के पालन के विषय में द्वैविध्य, हिचक या अनिश्चय नाम-मात्र को भी नहीं। ऐसी भीषण परिस्थिति में भी राम में अन्तर्द्वन्द्व का आश्चर्यकारी अभाव 'प्रत्येक स्थिति में स्वधर्म-पालन' की रूढि का ही परिणाम है। 'महावीरचरित' में भी भवभूति ने वन जाने के अवसर पर राम में अन्तर्द्वन्द्व—किंकर्तव्य-विमूढता—न दिखाकर अतुल धैर्य एवं दृढ निश्चय का ही चित्रण किया है। इन सब में भवभूति ने सर्वथा महर्षि वाल्मीकि का ही अनुसरण किया है। वाल्मीकि ने भी उक्त दोनों अवसरों पर राम को अविकल एवं निश्चिन्त होकर स्वकर्तव्य-पालन करते हुए चित्रित किया है, क्षण भर के लिए भी उनमें अन्तर्द्वन्द्व या कर्तव्य के विषय में किसी प्रकार के व्यामोह का चित्रण नहीं किया। अपने नायकों में कर्तव्य अथवा स्वधर्म-पालन के विषय में हिचक या व्यामोह—अन्तर्द्वन्द्व—के स्थान में दृढ निश्चय एवं तत्परता चित्रित करके भारतीय कवियों ने वस्तुतः महा-मानव के आदर्श जीवन की सच्ची झाँकी प्रस्तुत की है। मानव-बुद्धि का यही वास्तविक संस्कार एवं परिष्कार है कि वह बड़े से बड़े दुःख एवं सुख के अवसरों पर भी विकल एवं अधीर या कातर न होती हुई स्थिरता-पूर्वक कर्तव्याकर्तव्य—धर्माधर्म—का विचार करके उसके पालन में तत्पर हो जाय। ऐसे संस्कृत पुरुष को गीता 'स्थितप्रज्ञ' संज्ञा देती है। यही अमर सन्देश वाल्मीकि, कालिदास, भवभूति आदि महनीय संस्कृत कवियों ने अपने काव्यों द्वारा प्रस्तुत किया है।

स्वधर्म या कर्तव्य का पालन कभी मनुष्य को गिराने वाला, उसे असफल बनाने वाला नहीं हो सकता। सृष्टि में सर्वप्रथम 'ऋत' ही उत्पन्न हुआ, ऐसा श्रुति-मत है। कर्ता स्वकृत कर्मों के लिए सवा सोलह आने उत्तरदायी है, उनका पूरा फल उसे भुगतना पड़ेगा—यही 'ऋत' है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि 'ऋत' नाम है नैतिक व्यवस्था का। सृष्टि के आदि में उत्पन्न हुआ कहकर श्रुति ने इसे जगत् के आधारभूत सिद्धान्त के रूप में स्थापित किया है। फिर उसकी तथा उसके अनुयायियों की दृष्टि में इस जगत् में रहने वाला कोई भी व्यक्ति—राजा हो या रङ्क, देव हो या दानव-मानव आदि—इस सिद्धान्त का अतिक्रमण कैसे कर सकता है? इसी का अनिवार्य परिणाम यह हुआ कि श्रुति के अनुयायी स्मृति, इतिहास, पुराण आदि ग्रन्थों तथा इन सबके अनुयायी परवर्ती संस्कृत-काव्यों में भी इसी सत्य की प्रतिष्ठा हुई। सर्व-सारभूत गीता में भगवान् कृष्ण का 'न हि कल्याणकृत् कश्चिद् दुर्गतिं तात गच्छति' इत्यादि वचन अभिधया तो इस सत्य के एक पार्श्व की, किन्तु अवान्तर प्रकार से इसके उभय पार्श्वों की व्याख्या है। इसका तात्पर्य यह है कि कल्याणमार्गी धार्मिक पुरुष की अन्ततः दुर्गति नहीं होती, पतन-पराजय नहीं होता, सदा अभ्युदय विजय ही होता है; इसके विपरीत कुमार्गी अधार्मिक की अन्ततः दुर्गति ही होती है, पतन एवं पराजय ही उसके हाथ लगते हैं, अभ्युदय और विजय नहीं। जब एक बार मानव-जीवन के आधारभूत इस तथ्य की भारतीय जीवन में प्रतिष्ठा हो गई, तब फिर इस देश के साहित्य-स्रष्टा कविगण इस तथ्य को भुला कैसे सकते थे? अन्तर्द्वन्द्व के अभाव के प्रसंग में कह आए हैं कि वाल्मीकि, कालिदास, भवभूति आदि महनीय संस्कृत काव्य-कारों ने अपने काव्यों में स्वधर्म-पालन का ही राष्ट्रीय आदर्श स्थापित किया, उसी का अमर सन्देश दिया। इस प्रकार जब भारतीय काव्यों में 'स्वधर्म-पालन' एवं 'ऋत' दोनों की ही प्राण-प्रतिष्ठा सुदृढ रूप से हो गई, तब तो इसका यह अनिवार्य परिणाम होना ही था कि सारे संस्कृत-काव्य सुखान्त ही हों, दुःखान्त न हों। जब काव्य-नायक विषम से विषम परिस्थितियों में भी स्वधर्म-पालन-तत्पर है, स्व-कर्तव्य-परायण है, तब उसका परिणाम दुःख-दुर्गति, पतन-पराजय हो ही कैसे सकता है? इस प्रकार स्पष्ट है कि संस्कृत-काव्यों में परिलक्षित होने वाली पूर्वोक्त रूढि-वादिता अपने तीनों ही रूपों—अभिजातवर्गीय जनों का ही नायकादि रूप में गृहीत होना, काव्यों में अन्तर्द्वन्द्व का अभाव होना, तथा उन (काव्यों) का सुखान्त होना—में सर्वथा स्वाभाविक है; समीचीन एवं न्याय्य है।

पर इससे यह न समझना चाहिए कि समूचा संस्कृत साहित्य आदि से अन्त तक सर्वथा एक-रूप है, अथवा

परवर्ती साहित्य पूर्ववर्ती साहित्य का केवल अक्स या अनुकरण है। आदिम युगों से ही भारतीय जीवन में उसके आधार रूप में प्रतिष्ठित मौलिक सिद्धान्तों की एकता के कारण यद्यपि समूचे संस्कृत साहित्य में एक सी प्रवृत्तियाँ तथा विशिष्टताएँ परिलक्षित होती हैं जिन्हें उसकी रूढ़ियाँ कहा जा सकता है, तथापि वैयक्तिक विचार-स्वातन्त्र्य का यह अनिवार्य परिणाम हुआ कि एक ही राम-कथा अथवा कृष्ण-कथा के विभिन्न पात्रों का भी चरित्र भिन्न-भिन्न कवियों द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार से विकसित एवं चित्रित किया गया, विभिन्न कथाओं के पात्रों के चरित्र-वैविध्य का तो कहना ही क्या ! उदाहरणार्थ, वाल्मीकि, कालिदास, एवं भवभूति, तीनों ही अमर कवियों ने राम-कथा के 'सीता-परित्याग' वृत्तान्त का वर्णन किया है पर सीता का तत्कृत तात्कालिक चित्रण भिन्न-भिन्न है। वाल्मीकि ने अग्नि-प्रवेश के समय का सीता का चित्रण एक तेजस्विनी वीराङ्गना के रूप में किया है। वही सीता लोकापवाद से राम द्वारा किए गए स्वपरित्याग के समय अत्यन्त मृदु एवं सुकुमार दिखाई गई हैं। विभीषण का राज्याभिषेक हो चुकने पर हनुमान् जब अशोक-वाटिका से सीता जी को राम के सम्मुख ले आते हैं, तब राम उन्हें यथेष्ट दिशा में जाने की अनुमति देते हैं, क्योंकि वे रावण के अंक में बैठने से कलङ्कित हो चुकी हैं[1]। इस पर सीताजी ने राम से जो वचन कहे, वे ध्यान देने योग्य हैं। वे कहती हैं—

'किं मामसदृशं वाक्यमीदृशं श्रोत्रदारुणम्।
रूक्षं श्रावयसे वीर प्राकृतः प्राकृतामिव॥
त्वया तु नृपशार्दूल रोषमेवानुवर्तता।
लघुनेव मनुष्येण स्त्रीत्वमेव पुरस्कृतम्॥
न प्रमाणीकृतः पाणिर्बाल्ये मम निपीडितः।
मम भक्तिश्च शीलञ्च सर्वं ते पृष्ठतः कृतम्॥
चितां मे कुरु सौमित्रे व्यसनस्यास्य भेषजम्।
मिथ्यापवादोपहता नाहं जीवितुमुत्सहे॥
[युद्ध० ११६।५, १४,१६,१८]

किन्तु राज्याभिषेक के कुछ समय के बाद जब सीता-विषयक लोकापवाद को सुनकर राम ने लक्ष्मण को आज्ञा दी कि वे दोहद-पूर्ति के व्याज से सीता जी को वाल्मीकि-आश्रम के पास छोड़ आवें, और लक्ष्मण ने भी तदनुसार आचरण करते हुए गंगा पार करके जब सीता जी को रामचन्द्र जी का स्वपरित्याग-विषयक नियोग सुनाया, तब वाल्मीकि की वही सीता सन्देश के रूप में कैसे मृदु शब्द कहती हैं—

जानासि च यथा शुद्धा सीता तत्त्वेन राघव।
भक्त्या च परया युक्ता हिता च तव नित्यशः।
अहं त्यक्ता च ते वीर अयशोभीरुणा जने।
यच्च ते वचनीयं स्यादपवादः समुत्थितः॥
मया च परिहर्तव्यं त्वं हि मे परमा गतिः।
वक्तव्यश्चैव नृपतिर्धर्मेण सुसमाहितः॥
यथा भ्रातृषु वर्तेथास्तथा पौरेषु नित्यदा।
परमो ह्येष धर्मस्ते तस्मात्कीर्तिरनुत्तमा॥
[उत्तर० ४८।१२-१५]

कालिदास ने 'अग्निप्रवेश' का १२वें सर्ग के अन्तिम श्लोक में केवल उल्लेख भर किया है, विस्तार तनिक भी नहीं:—

रघुपतिरपि जातवेदोविशुद्धां प्रगृह्य प्रियां
प्रियसुहृदि विभीषणे सङ्गमय्य श्रियं वैरिणः।
रविसुतसहितेन तेनानुयातः ससौमित्रिणा
भुजविजितविमानरत्नाधिरूढः प्रतस्थे पुरीम्॥
- [१२।१०४]।

---

१. द्रष्टव्य, युद्धकाण्ड ११५।१७-२०—
प्राप्तचारित्रसन्देहा मम प्रतिमुखे स्थिता।
दीपो नेत्रातुरस्येव प्रतिकूलासि मे दृढम्॥
तद् गच्छ त्वानुजानेऽद्य यथेष्टं जनकात्मजे।
